प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।
प्रसारण तिथि : 21.04.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17वें राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस पर लोकसेवकों को किया सम्मानित : उत्कृष्ट कार्य के लिए बहराइच की जिलाधिकारी मोनिका रानी और मुरादाबाद के डीएम अनुज सिंह हुए पुरस्कृत।
2. प्रधानमंत्री के 24 अप्रैल को प्रस्तावित कानपुर दौरे की तैयारियों का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिया जायजा : सड़कों की मरम्मत और साफ सफाई सुनिश्चित करने के दिये निर्देश।
3. इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने केंद्र सरकार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की नागरिकता पर स्पष्ट रिपोर्ट देने का दिया निर्देश : 5 मई को होगी अगली सुनवाई।

और

4. मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी जनपदों में हीट वेव का यलो अलर्ट किया जारी : अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी का अनुमान।

——————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में 17वें राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने लोक सेवकों को

जिलों के समग्र विकास, आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम और नवाचार की श्रेणियों में लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार प्रदान किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने  कहा कि पिछले दस वर्षों में भारत ने वृद्धि वाले परिवर्तन से आगे बढ़कर प्रभावशाली परिवर्तन देखा है। प्रधानमंत्री ने देश में युवाओं, किसानों और महिलाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए असाधारण गति से काम करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। बाइट.....

*2014 के बाद से देश में व्यवस्था परिवर्तन का एक बहुत बड़ा महायज्ञ शुरू हुआ है। हम इस तेज स्पीड के साथ खुद को तेजी से ढाल रहे हैं। आज भारत की एस्पिरेशनल सोसाइटी, भारत के युवा, भारत के किसान, भारत की महिलाएं, उनके सपनों की उड़ान आज जिस ऊंचाई परहै, वो वाकई अभूतपूर्व है।*

कार्यक्रम में मुरादाबाद के ज़िलाधिकारी अनुज सिंह को ज़िले में दिव्यांग जनों के लिए सुगम्य पुस्तकालय की स्थापना के लिए सम्मानित किया गया। वहीं बहराइच की ज़िलाधिकारी मोनिका रानी को ज़िले के सम्पूर्ण विकास के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया। बाइट.....

*मेरा नाममोनिका रानी है। मैं जिलाधिकारी बहराइच हूं। 2023 का जिले के सम्पूर्ण विकास की श्रेणी के अंतर्गत ये पुरस्कार दिया गया है, इसके लिए मैं अपनी सम्पूर्ण टीम को बहुत–बहुत बधाई देती हूं। जो केन्द्र की जितनी भी योजनाएं हैं, इन सभी के अंतर्गत जनपद बहराइच ने बहुत उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके लिए मैं सभी को बहुत–बहुत बधाई देती हूं।*

——————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 24 अप्रैल को कानपुर में प्रस्तावित दौरे से पहले कल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानपुर पहुंचकर तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने जनसभा स्थल के आसपास की सड़कों की मरम्मत, साफ सफाई सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही सभा स्थल पर स्वच्छ शौचालय, शुद्ध पेयजल के साथ ही लोगों को सभा स्थल तक पहुंचाने के लिए 800 बसों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने नगर निगम, जनप्रतिनिधियों और भाजपा संगठन से 24 अप्रैल तक स्वच्छता अभियान चलाने का आह्वान किया। अपने कानपुर दौरे पर प्रधानमंत्री 20 हजार 656 करोड़ रुपए की 11 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। पेश है एक रिपोर्ट.....

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने कानपुर दौरे पर जिन परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे उनमें 9,338 करोड़ रुपए की घाटमपुर तापीय विद्युत परियोजना, 8,305 करोड़ रुपए की पनकी तापीय विस्तार परियोजना, 2,120 करोड़ रुपए की 7 किलोमीटर लम्बी कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के अलावा बिनगवां में 40 MLD टर्शरी ट्रीटमेंट प्लांट, किदवई नगर में 100 बेड का अस्पताल, पनकी धाम क्रॉसिंग पर रेल ओवर ब्रिज, पनकी पॉवर हाउस रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी, जीटी रोड के टॉंस–नर्वल–अखरी–कुढ़नी खंड का चौड़ीकरण और ग्रेटर नोएडा के इकोटेक–8, इकोटेक–10, व सेक्टर–28 में विद्युत उपकेंद्र और लाइनें शामिल हैं। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

———————

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने केंद्र सरकार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की नागरिकता पर स्पष्ट रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। कांग्रेस सांसद की दोहरी नागरिकता के मामले में आज सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय ने ये निर्देश दिए। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से एक स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की गई, लेकिन कोर्ट ने इसे अपर्याप्त माना तथा सरकार को और स्पष्ट जवाब देने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 5 मई को होगी।

---

कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने आज लखनऊ में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। इस मौके पर श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप 2047 तक देश को विकसित बनाने में ये युवा अहम भूमिका निभाएंगे। बाइट.....

*प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जिस लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं, उनका लक्ष्य है कि दो हज़ार सैंतालीस तक हमको देश को विकसित राष्ट्र बनाना है। हमको तीन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनॉमी हमको डेवलप करनी है। उत्तर प्रदेश के अंदर भी हमको लगातार उत्तम प्रदेश की ओर हम लगातार बढ़ रहे हैं। उन सब के लिए हमारा डिपार्टमेंट अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका*

*निभाने का काम करता है। युवा स्किल्ड होंगे, उनको रोजगार मिलेगा। वो इंटरप्रेन्योर बनेंगे तो निश्चित रूप से हमारा लक्ष्य पूरा होगा। हम बहुत तेजी के साथ उसमें आगे बढ़ेंगे।*

——————————

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

श्रावस्ती में आज नीति आयोग के केंद्रीय अधिकारी धीरज साहू ने सरकारी योजनाओं की समीक्षा को लेकर बैठक की। बैठक में कृषि विभाग के एफपीओ के साथ किसानों की आय बढ़ाने पर चर्चा की गई। इस दौरान श्री साहू ने कहा कि श्रावस्ती जैसे आकांक्षी जनपद में तेजी से विकास हो रहा है। बाइट.....

*श्रावस्ती में एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम चल रहा है। यह आयोग द्वारा संचालित है और इसके अलावा एक ब्लॉक जमुनहा ब्लॉक जो है वो एस्पिरेशनल ब्लॉक के रूप में चयनित है तो उसमें जो सरकार की परिकल्पना है कि किस तरह से आकांक्षी जिलों और ब्लॉक में काम होना चाहिए। उसकी मैंने आज समीक्षा बैठक की और यहां पर अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया कि उस काम में अग्रेसर और क्या सुधार किया जा सकता है।*

——————————

खादी एवं ग्रामोद्योग पुरस्कार योजना के तहत पुरस्कार प्राप्त करने के इच्छुक उद्यमी या इकाई अपने आवेदन पत्र 26 अप्रैल तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में जमा कर सकते हैं। योजना के तहत तीन वर्ष पुरानी , निरंतर कार्यरत और स्थापित उत्कृष्ट कार्य करने वाली इकाइयों और उद्यमियों को मंडल और प्रदेश स्तर पर पुरस्कार के रूप में धनराशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

——————————

केंद्र और् प्रदेश सरकार द्वारा लगातार जैविक और प्राकृतिक खेती के साथ ही मोटे अनाज की खेती को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इस खेती के प्रति किसानों को जागरूक करने के लिए प्रदेश सरकार पांच हजार रूपये प्रति माह के मानदेय पर कृषि सखियों की नियुक्ति करेगी। पेश है एक रिपोर्ट.....

*कृषि सखियों को संबंधित जिले के कृषि विज्ञान केंद्र के एक्सपर्ट प्रशिक्षण देंगे। प्राकृतिक खेती के लिए हर जिले मेंदो बायो इनपुट रिसर्च सेंटर भी खुलेंगे। बुंदेलखंड और गंगा के तटवर्ती इलाकों केबाद सरकार का विशेष फोकस गंगा की सहयोगी नदियों के दोनों किनारों पर भी जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना है। सरकार की मंशा 282 ब्लाकों, 2144 ग्राम पंचायतों की करीब ढाई लाख किसानों को इससे जोड़ने की है। खेती क्लस्टर में होगी। हर क्लस्टर 50 हेक्टेयर का होगा। सरकार इस योजना पर अगले दो वर्ष में करीब ढाई अरब रुपए खर्च करेगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

——————————

लखनऊ के मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस में हज यात्रियों के लिए आज से विशेष प्रशिक्षण शुरू हो गया। प्रशिक्षण का समय सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर दो बजे तक निर्धारित किया गया है। इस दौरान मुस्लिम धर्मगुरु हज से जुड़े सभी तौर–तरीकों की विस्तार से जानकारी देंगे, ताकि तीर्थयात्री अपनी यात्रा के लिए पूरी तरह तैयार हो सकें। यह प्रशिक्षण 29 अप्रैल तक चलेगा। हज यात्रा के लिए लखनऊ से पहली उड़ान 29 अप्रैल को रवाना होगी। वहीं इटावा में भी जनपद से हज यात्रा पर जाने वाले हज यात्रियों के लिए आज से वैक्सिनेशन और प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है।

——————————

आईपीएल क्रिकेट में आज शाम कोलकाता नाइट राइडर्स का मुकाबला गुजरात टाइटन्स से होगा। यह मैच शाम साढ़े सात बजे से कोलकाता के ईडन गार्डन में खेला जाएगा। गुजरात सात मैचों में से पांच मैच जीतकर अंकतालिका में 10 अंकों के साथ शीर्ष पर है, जबकि कोलकाता तीन जीत और चार हार के साथ सातवें स्थान पर है।

——————————

मौसम विभाग ने प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी भागों में 22 और 23 अप्रैल को हीटवेव का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक अगले 5 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होने का अनुमान है।

(समाप्त)